# पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर

वेबसाईटः www.shekhauni.ac.in ई–मेलः ce@shekhauni.ac.in

क्रमांकः 14020 दिनांक : 18/07/2026

## कार्यालय आदेश

सक्षम स्तर के अनुमोदनोपरांत विश्वविद्यालय क्षेत्राधिकार के अंतर्गत समस्त संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों, केंद्राध्यक्षों एवं परीक्षार्थियों (नियमित एवं स्वयंपाठी) को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अपरिहार्य प्रशासनिक कारणों से दिनांक 24.07.2026 को आयोजित होने वाली स्नातक (UG) एवं स्नातकोत्तर (PG) स्तर की समस्त संकायों की परीक्षाओं को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाता है।

उक्त स्थगित परीक्षाएं अब दिनांक 03.08.2026 को पूर्व निर्धारित परीक्षा केंद्रों एवं परीक्षा समय–सारणी के अनुसार ही आयोजित की जाएंगी। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि दिनांक 24.07.2026 के अतिरिक्त अन्य समस्त परीक्षाएं विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में घोषित समय–सारणी के अनुसार यथावत आयोजित होती रहेंगी।

समस्त प्राचार्यगणों को निर्देशित किया जाता है कि वे इस सूचना को अपने महाविद्यालय के सूचना पटल पर प्रमुखता से प्रदर्शित करें तथा संबंधित नियमित एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों को भी इस परिवर्तन के संबंध में अवगत कराना सुनिश्चित करें।

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांकः 14021 – 24 दिनांक– 18/07/2026

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, कुलगुरू, पं. दी. उ. शे. विवि., सीकर।
2. कुलसचिव कार्यालय, पं. दी. उ. शे. विवि., सीकर।
3. प्राचार्य, समस्त महाविद्यालय अपने संबंधित परीक्षार्थियों को सूचित करवाने का श्रम करें।
4. प्रभारी वेबसाइट, विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
5. रक्षित पत्रावली।

परीक्षा नियंत्रक